# –प्रेस नोट–
# जनपद मुजफ्फरनगर
# दिनांक 11.07.2024

- **थाना भौराकलां पुलिस द्वारा 07 वर्षो से न्यायालय से फरार/ मफरूर/वारण्टी व 20 हजार रूप्य का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 10.07.2024 को थाना भौराकलां पर नियुक्त उ0नि0 श्री रामकिशन शर्मा मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 5044/09/07 मु0अ0सं0 184/1999 धारा 395,397 भादवि में वारण्टी अभियुक्त यासीन उर्फ फोटो पुत्र समयदीन निवासी ग्राम सावटू थाना भौराकलां, मुजफ्फरनगर को एसबीर उर्फ काले पुत्र उम्मेद का अमरूद का बाग ग्राम हैबतपुर थाना सिविल लाईन जनपद जींद हरियाणा से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना जानसठ पुलिस द्वारा वाहन चोरी के 02 अभियोगों का सफल अनावरण, 01 वाहन चोर अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 10.07.2024 को थाना जानसठ पर नियुक्त उ0नि0 श्री मोहित कुमार तेवतिया मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 146/2024 धारा 305(2),317(2) बीएनएस व मु0अ0सं0 152/2024 धारा 305(2),317(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त नितीश उर्फ लाला पुत्र राजेश निवासी ग्राम ककरौली थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर को ढांसरी गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गयी 02 स्पलैण्डर मोटरसाईकिल बरामद की गयी।

- **थाना जानसठ पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 11.07.2024 को थाना जानसठ पर नियुक्त उ0नि0 श्री सचिन चौधरी मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 2137/19 धारा 279,337,338 भादवि में वारण्टी अभियुक्त प्रवेज पुत्र जब्बार निवासी कासमपुर थाना छपार हाल पता मौ0 चार भाई कालोनी कस्बा व थाना जानसठ, मुजफ्फरनगर को मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना रतनपुरी पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 10.07.2024 को थाना रतनपुरी पर नियुक्त उ0नि0 श्री अमन सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 2728/2018 धारा 138(1)बी विधुत अधिनियम में वारण्टी अभियुक्त अनीश पुत्र कम्मू निवासी ग्राम नंगला थाना रतनपुरी, मुजफ्फरनगर को मसकन से गिरफ्तार किया गया।